की संख्या को लेना अधिक उपयुक्त है। प्राप्त हुई सूचना के अनुसार राज्य में फरवरी, 1972 के अन्त तक 19 लाख श्रमदिनों का रोजगार उपलब्ध किया गया था।

**जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय को केन्द्रीय सहायता**

2391. **श्री गंगाचरण दीक्षित :** क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विश्व बैंक से मांगे हुए ऋणों में से मध्य प्रदेश के जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय को कितना ऋण दिया गया है ; और

(ख) विश्वविद्यालय के लिए सरकार से अन्य कौन सी सुविधायें मांगी गयी हैं ?

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) :** (क) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, जबलपुर को प्रत्याशित विश्व बैंक सहायता से कोई ऋण नहीं दिया गया है। इस विश्वविद्यालय को ऐसी सहायता देने के प्रश्न पर ही विचार नहीं किया गया।

(ख) देश मे कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना और विकास के लिये स्वीकृत केन्द्रीय वित्तीय सहायता के प्रोग्राम के अनुसार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् इस विश्वविद्यालय को व्यय की अनुमोदित मदों पर, शत प्रतिशत केन्द्रीय सहायता प्रदान कर रही है। वर्ष 1969-70 से वर्ष 1971-72 की अवधि के दौरान अनुदान की कुल 1,28,94,795.00 रुपये की राशि नियुक्त की गई।

**मध्य प्रदेश में द्रुत कार्यक्रम के कार्यकरण सम्बन्धी रिपोर्ट**

2392. **श्री गंगाचरण दीक्षित :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार जुटाने के लिए द्रुत कार्यक्रम के कार्यकरण में मध्य प्रदेश सरकार की सहायतार्थ भोपाल में किसी केन्द्रीय सरकारी अधिकारी को नियुक्त किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या उस अधिकारी द्वारा केन्द्रीय सरकार को समय-समय पर कोई रिपोर्ट भेजी जा रही है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मन्त्री (प्रो० शेर सिंह) :** (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**Bombay-Konkan-Goa Road as a National Highway**

2393. SHRI SHANKARRAO SAVANT : Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether the Bombay-Konkan-Goa Road has been declared as a National Highway ;

(b) if so, when ; and

(c) the financial assistance the Central Government will give for this road after upgrading it as a National Highway ?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAJ BAHADUR) : (a) Yes, Sir.

(b) 8-3-1972.

(c) Consequent on the declaration of the road as a National Highway, the entire cost of its development to National Highway Standard and maintenance will be borne by the Central Government.

**Financial Assistance for Development of Ports in Maharashtra**

2394. SHRI SHANKERRAO SAVANT : Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state :

(a) which ports in Maharashtra are being developed with the help of financial assistance from the Centre ; and